हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, सोमवार, 26 मई 2025

11 इंटरनेशनल नैचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन लगाएंगी जिला व खंड स्तर पर नि:शुल्क योग शिविर



12 दो पॉलिटेक्निक कॉलेजों में बारहवीं के आज से और दसवीं के विद्यार्थी मंगलवार से कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन






AIT KANINA PHARMACY COLLEGE
फार्मेसी करें:
ADMISSION OPEN
Session 2024-2025
B. PHARMACY Duration:- 4 Year
D. PHARMACY Duration:- 2 Year
BMLT Duration:- 3 Year
DIPLOMA IN YOGA Duration:- 1 Year
ELIGIBILITY-10+2 MEDICAL & NON-MEDICAL
OPPORTUNITIES
Hospital Pharmacist •
Sales & Marketing •
Manufacturing Pharmacist •
Retail Pharmacist •
Quality Control •
Medical Transcription •
GAHRA ROAD, KANINA | 9467543958, 9466464921, 8295003528


## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** जीआरपी ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. पर एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। प्लेटफार्म पर एक व्यक्ति ट्रॉली बैग के साथ बैठा हुआ था। संदेह होने पर पूछताछ की तो उसने अपना नाम बिहार के चपरा निवासी जितेंद्र बताया। जीआरपी ने उसके बैग की तलाशी ली तो बैग से दो पेटी शराब बरामद हुई। आरोपी ने बताया कि वह शराब बिहार ले जा रहा था। ट्रेन छूट जाने के कारण वह दूसरी ट्रेन का इंतजार कर रहा था। जीआरपी ने उसे गिरफ्तार करने के बाद केस दर्ज कर लिया।

### रेलवे स्टेशन पर खड़ी स्कूटी चोरी

**कोसली।** झाड़ली रेलवे स्टेशन पर खड़ी रेलवे के एक कर्मचारी की स्कूटी चोरी हो गई। जीआरपी को दर्ज शिकायत में भिवानी के सिद्धार्थ नगर निवासी हवासिंह ने बताया कि उसकी ड्यूटी मोहन बाड़ी रेलवे स्टेशन के पास गेट पर लगी हुई है। वह झाड़ली स्टेशन पर स्कूटी खड़ी करने के बाद ड्यूटी पर चला गया था। वापस आने पर उसे स्कूटी वहां नहीं मिली। अपने स्तर पर काफी तलाश करने के बाद भी स्कूटी का कोई पता नहीं चल सका। जीआरपी ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद स्कूटी का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### सट्टा खाईवाली करते एक आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खाईवाली करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति होटल के पीछे आवाज लगाकर लोगों को सट्टा खिला रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर आरोपी को काबू कर लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम यूपी के सुदामा नगर निवासी सौरव उर्फ गोपाल बताया। उसके कब्जे से सट्टे की 9390 रुपये राशि, सट्टा पर्चियां और एक केलकुलेटर बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### पुलिस को चकमा देकर आरोपी फरार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने आदर्श नगर में बाइक पर शराब बेच रहे एक आरोपी की बाइक को शराब सहित कब्जे में लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बास रोड आदर्श नगर निवासी देव बाइक पर शराब लेकर अपने किराए के मकान के बाहर खड़ा शराब बेच रहा है। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। आरोपी बाइक छोड़कर फरार हो गया। उसकी बाइक पर रखी पेटी से 48 व थैले से 14 पव्वे शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब को बाइक सहित कब्जे में लेकर केस दर्ज कर लिया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार हुए वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। मॉडल टाउन थाना क्षेत्र में 14 अप्रैल को बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। बाइक चालक मौके से फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद उसका पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए थे। इस मामले में पुलिस ने माजरा गुरदास निवासी विनोद को हादसे में प्रयुक्त बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया।

## शहर में 37 एमएम बरसात से जलभराव, गांवों में घंटों तक गुल रही बिजली

# नौतपा के साथ तूफानी बारिश, 300 से अधिक पोल गिरे, कई स्थानों पर पेड़ टूटे, बिजली व्यवस्था चौपट

■ कई दुकानों के हॉर्डिंग्स और साइन बोर्ड उड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शनिवार देर रात तेज आंधी के साथ आई बरसात ने बिजली व्यवस्था को घंटों तक चौपट कर दिया। 300 से अधिक बिजली के पोल गिर गए। दर्जनों स्थानों पर पेड़ टूट गए। कई बिजली ट्रांसफार्मर भी डैमेज हो गई। निगम कर्मियों ने रात को ही बिजली व्यवस्था पटरी पर लाने के प्रयास शुरू कर दिए। शहर में अच्छी बरसात के बरसात के बाद कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। गांवों में तूफानी बारिश के कारण ब्लैकआउट की स्थिति बन गई। रेवाड़ी खंड में सर्वाधिक 37 और नाहड़ में सबसे कम 15 एमएम बरसात दर्ज की गई।रात को करीब 12 बजे तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। लगभग आधे घंटे तक आंधी के साथ तूफानी बारिश होती रही। आंधी आते ही पूरे जिले में बिजली के फीडर बंद कर दिए गए। इससे वोल्टेज बढ़ गई। शहर से लेकर गांवों तक में आंधी व बारिश के बाद अंधेरा छा गया। बड़ी संख्या में बिजली के पोल या तो टूट गए या फिर जमीन में गिर गए। कई जगह बिजली की लाइनों पर पेड़ भी गिर गए। आंधी थमने के बाद निगम कर्मियों ने फीडरों को चालू करने के प्रयास किए, परंतु 60 से अधिक गांवों में रविवार सुबह तक भी बिजली व्यवस्था बहाल नहीं हो सकी थी। शहरी क्षेत्र में सुबह 9 बजे तक बिजली आपूर्ति बहाल की गई। निगम अधिकारियों ने बताया कि सुबह तक एकत्रित जानकारी के अनुसार आंधी से 300 से पोल टूटे हैं, जबकि 80 बिजली ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इससे बिजली निगम को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

बिजली आपूर्ति सुचारू करने के प्रयास निगम कर्मियों ने रात को ही शुरू कर दिए थे, परंतु बड़ी संख्या में कई गांवों में रविवार शाम तक भी बिजली व्यवस्था सुचारू नहीं हो सकी थी। तूफानी बारिश में कई दुकानों के बोर्ड और हॉर्डिंग्स भी उड़कर दूर-दूर चले गए। कई जगहों पर सड़क किनारे खड़े पेड़ भी टूट गए, जिन्हें हटाकर रोड क्लियर कराए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति बिजली पर आधारित होने के कारण आंधी के बाद बिजली और पानी दोनों का संकट खड़ा हो गया। पेयजल योजनाओं से बिजली के अभाव में पानी की आपूर्ति नहीं हो सकी। दोपहर बाद तक धीरे-धीरे अधिकांश गांवों की बिजली आपूर्ति बहाल की गई, जब शहरी क्षेत्र के कई फीडर दोपहर तक भी नहीं चल सके थे। जिन गांवों में बिजली ट्रांसफार्मर डैमेज हुए हैं, वहां बिजली आपूर्ति दूसरे ट्रांसफार्मरों पर लोड डालकर शिफ्ट की गई है। शहर में औसत 35 एमएम तक बरसात होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इतनी बारिश में ही कई जगह सड़कों पर जलभराव हो गया। पानी निकासी के नाले अवरुद्ध होने के कारण नाईवाली चौक, बावल रोड व कई अन्य स्थानों पर बारिश का सड़कों पर फैल गया। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्री-मानसून बरसात से ही शहर का बुरा हाल हो गया। ऐसे में मानसून के समय पानी निकासी की समस्या गंभीर रूप धारण कर सकती है।





रेवाड़ी। देर रात अंधड से एक गांव के खेत में गिरा पोल, देर रात अंधड से एक गांव में टूटा पोल व पेड़। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। अंधड से सड़क पर टूटकर गिरा पेड़। फोटो :हरिभूमि





रेवाड़ी। अंधड से गाड़ी के आगे टूटकर गिरा पोल,अंधड से एक गांव में पेड़ पर टूटकर गिरा पोल। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। देर रात हुई तेज बरसात से जलमग्न मॉडल टाउन की सड़क।



रेवाड़ी। बावल रोड की जर्जर सड़क पर जमा बरसात का पानी। फोटो :हरिभूमि

### नौतपा की शुरूआत ठंडे मौसम से

रविवार को सुबह 3:27 बजे सूर्यदेव रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश कर गए। 2 जून तक का समय नौतपा का है। ऐसा माना जाता है कि नौतपा के 9 दिनों में सर्वाधिक गर्मी पड़ती है। पहले ही दिन अच्छी बरसात के चलते नौतपा की शुरूआत कूल मौसम से हुई है। तापमान में गिरावट आने से लोगों को भारी गर्मी से काफी राहत मिली है, लेकिन अब उमस लोगों को परेशान करने लगी है। नौतपा में बारिश से मानसून कमजोर पड़ने के कयास भी लगाए जा रहे हैं।

### अभी मौसम में बदलाव जारी रहेगा

मौसम विभाग के अनुसार विक्षोभ की सक्रियता के चलते मौसम नौतपा के दौरान परिवर्तनशील बना रह सकता है। तीन से चार दिन तक मौसम साफ रहने के बाद सप्ताह के अंत में एक बार फिर बादल छाने व तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। रविवार को अधिकतम तापमान 9 डिग्री सेल्सिस गिरकर 31 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान भी 8.5 डिग्री की गिरावट के साथ 16.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

### शनिवार की रात हुई बारिश

खंड बारिश (एमएम)

| | | | |
|---|---|---|---|
| रेवाड़ी | 37.0 | डहीना | 17.0 |
| मनेठी | 18.0 | बावल | 18.0 |
| पाल्हावास | 16.0 | कोसली | 16.0 |
| धारूहेड़ा | 16.5 | नाहड़ | 15.0 |

### ग्रीवेंश कमेटी की बैठक आज बाल भवन में

**रेवाड़ी।** जिला के नागरिकों की शिकायतों का निवारण करने के लिए जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक 26 मई को दोपहर 12 बजे बाल भवन में हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय और नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल की अध्यक्षता में आयोजित होगी। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित बैठक में कुल 21 परिवादों की सुनवाई की जाएगी, जिनमें 18 नए व 3 लंबित परिवाद शामिल है। डीसी ने सभी विभागाध्यक्षों को समय पर रिपोर्ट सहित बैठक में पहुंचने के निर्देश दिए हैं।

### पिस्टल व कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**कोसली।** सीआईए की टीम ने भाकली के निकट एक युवक को देशी पिस्टल व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ कोसली थाने में केस दर्ज कराया गया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। सीआईए सूचना मिली थी कि नवीन निवासी गांव भाकली एक अपराधी किस्म का लड़का है। वह अपने पास हथियार रखता है। नवीन गांव भाकली से बाईपास की तरफ आ रहा है। सूचना मिलने के बाद सीआईए की टीम बाईपास के पहुंच गई। सीआईए की टीम को देखकर एक युवक ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा करते हुए उसे काबू कर लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम नवीन बताया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से एक देशी पिस्टल बरामद हुआ। पिस्टल के मैगजीन में एक जिंदा कारतूस मिला। सीआईए ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ कोसली थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करा दिया।

### सैनिक स्कूल में चयनित 58 विद्यार्थियों का स्कूल में हुआ सम्मान



**रेवाड़ी।** सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के परिणामों में राव खेमचंद विद्या विहार ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता साबित की है। स्कूल 61 विद्यार्थियों में से 58 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सफलता हासिल की है। ईशांत ने एआईआर 290, ममता ने एआईआर 720, सुशांत ने 1400 व देवांश ने 270 अंक हासिल कर सफलता प्राप्त की। स्कूल में सभी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य प्रदीप यादव ने कहा कि बच्चों ने अपनी लगन से विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चेयरमैन देवेंद्र कुमार ने सभी सफल छात्रों और उनके परिवार को बधाई दी। हेडमिस्ट्रेस प्रतिमा पारीक ने छात्रों के अनुशासन और समर्पण को सफलता का मुख्य कारण बताया। छात्रों की सफलता में काउंसलर डा. ओमप्रकाश यादव का विशेष योगदान रहा। कोचिंग हेड सुधीर कुमार और उमेश यादव के मार्गदर्शन और अध्यापक मोहित के प्रयासों ने छात्रों को सफलता दिलाई। इस मौके पर सभी शिक्षक मौजूद थे।

## इंदिरा गांधी विवि मीरपुर के नवनियुक्त कुलपति ने आवास पर किया हवन

# आईजीयू फर्स्ट का लक्ष्य रखते हुए विवि को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सभी योगदान दें: कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने रविवार से कुलपति आवास में अपना निवास आरंभ कर लिया है। इस अवसर पर भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के अनुरूप सुबह हवन का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें उनकी पत्नी डा. सीमा मिगलानी सहित परिवार के सदस्यों ने भाग लिया। इसके अलावा विवि के कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह, अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रोफेसर विजय कुमार एवं डिप्टी रजिस्ट्रार डा. नवीन पिपलानी भी हवन में उपस्थित थे। कुलपति ने आवास परिसर में 10 फलदार पौधे भी लगाए।

इस अवसर पर कुलपति डा. मिगलानी ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक, गैर शिक्षक स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मिलकर आईजीयू फर्स्ट का लक्ष्य सामने रखते हुए विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में अपना शत-प्रतिशत योगदान दे। कुलपति ने विश्वविद्यालय के स्टाफ सदस्यों के साथ मुलाकात भी की और उन्हें आश्वस्त किया कि वे निःसंकोच रूप से विश्वविद्यालय में अकादमिक गतिविधियों एवं शोध कार्यों को आगे बढ़ाएं और विद्यार्थियों के लिए पूर्ण रूप से समर्पित होकर कार्य करें। इस मौके पर इंजीनियरिंग शाखा से सुरेंद्र सिंह व हॉर्टिकल्चर शाखा से डा. सुशांत यादव भी उपस्थित थे।



रेवाड़ी। आईजीयू स्थित आवास में पौधरोपण करते कुलपति व स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

## गूगल टास्क के नाम पर पैसा कमाने का लालच

# साइबर ठगों ने लगाया 4.89 लाख रुपये का चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

आनंद नगर में रह रहे एक प्राइवेट बैंक कर्मचारी को गूगल टास्क से पैसा कमाने का लालच देकर साइबर ठगों ने लगभग 4.89 लाख रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में भिवानी निवासी मनीष कुमार ने बताया कि वह एक फाइनेंस बैंक में कार्यरत है। उसने आदर्श नगर में किराए का मकान लिया हुआ है। उसे 19 मई को एक व्हाट्एप एप गुरप से जोड़ा गया था। इसके बाद उसे एक टेलीग्राम ग्रुप से भी जोड़ दिया गया। उसे गूगल टास्क करने के नाम पर पैसा कमाने का लालच दिया गया। गूगल टास्क दकर उसे गूगल मैप पर रेटिंग देने को कहा गया। उसे टास्क पूरा करने के एक नंबर पर 2 हजार रुपये डालने को कहा गया, जिसके बदले उसे 2800 रुपये दिए गए। इसके बाद उसे अधिक टास्क करने के लिए उससे 30 हजार रुपये विजय कुमार अहीरवार नाम के व्यक्ति के खाते में डलवाए। मनीष ने बताया कि ठगी करने वाले लोग उसे झांसे में देकर बार-बार पैसे डलवाते रहे। जब उसके खाते में कोई राशि वापस नहीं आई, तो उसे ठगी का अहसास हुआ। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उन खातों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिनमें उसकी राशि ट्रांसफर की गई है।

*जो प्रेम असहिष्णु हो, जो दूसरों के मनोभावों का तनिक भी विचार न करे, जो मिथ्या कलंक आरोपण करने में संकोच न करे, वह उन्माद है, प्रेम नहीं।*

**- मुंशी प्रेमचन्द**




*भले ही उसके पास रात को रुकने का कोई ठिकाना न था परन्तु वह खुश था। खाली समय में वह खेतों की ओर निकल जाता। जहाँ किसान उसे कुछ काम दे देते और बदले में खाना भी खिला देते। ऐसे ही एक किसान पॉल विच से उसकी घनिष्ठता बढ़ने लगी। एक दिन पॉल विच ने कहा कि कपिल मेरे पास दो कमरे हैं। यदि कभी आवश्यकता हो तो तुम रुकने आ सकते हो।*






कहानी

**आशा खत्री 'लता'**

# जीवनदान

विदेशी धरती पर समुद्र के किनारे बसे इस सुन्दर नगर की दूर तक फैली बीच पर यूँ ही घूमते हुए उसे कई दिन बीत चुके थे। मगर उसे अभी तक एक भी ऐसा चेहरा नहीं मिला था जिस पर उसे अपने लिए कुछ अपनत्व भाव दिखाई दे। अधिसंख्य गोरे और कुछेक मुस्लिमों की भीड़ में उसे कोई भारतीय नहीं दिखाई दिया। गोरी चमड़ी वाली औरतें मात्र अंतःवस्त्रों में ही काला चश्मा लगाये इधर-उधर पसरी पड़ी या किसी मर्द की बाँहों में बाँहें डालकर घूमती दिखाई देती। सर्दियों की दोपहर को यहाँ धूप सेंकना सूर्य स्नान कहलाता है। छोटे-मोटे कार्य के अतिरिक्त उसे कुछ करने को अभी तक नहीं मिला। वह, वह पाना चाहता है जिसके लिए वह अपना देश, अपना घर और अपना परिवार छोड़कर यहाँ आया है। और यह पाने को उसका भाग्य कब चमकता है उसे उसी की प्रतीक्षा भी है और खोज भी।

उसे यहाँ आये आज एक सप्ताह हो गया समझ नहीं पा रहा कि क्या किया जाये जिससे उसके गुजारे के साथ-साथ कुछ रुपये बचाकर वह घर भी भेज सके। तभी उसे एक दढ़ियल प्रौढ़ ने पुकारा - "हे जैन्टलमैन, माला लेंगे।" कहते हुए मालाओं से लदा हाथ उसने उसके आगे कर दिया। जेब के पैसे खत्म हो जाने का डर उन सुन्दर रंग-बिरंगी मालाओं के आकर्षण से बहुत बड़ा था तो दूसरी ओर मालाओं का आकर्षण भी कम नहीं था। उसे ऊहापोह में छोड़ दढ़ियल ने पास से गुजरती एक महिला की तरफ बढ़ते हुए कहा-"हे मैम, देखिये कितनी सुन्दर माला! आपके गले में सजकर तो ये और भी सुन्दर लगेगी।" वह आगे बढ़ती-बढ़ती ठिठक गयी। रंगीन पारदर्शी पत्थरों की उन मालाओं के साथ-साथ मालावाले की मधुर स्वरलहरी और नारी सौन्दर्य की प्रशंसा करती वाणी ने उसके कदम रोक लिये थे।

"ये कितने की है?" उस महिला ने कई मालाओं में से एक को छूते हुए कहा।

"केवल दो सौ रुपये की परन्तु आपकी खूबसूरत गर्दन के लिये एक सौ पचहत्तर की मैम।"

"नहीं-नहीं एक सौ पचास में देनी है तो दीजिए।"

दढ़ियल ने तत्काल माला निकालकर उसे पकड़ा दी और महिला पैसे निकालकर उसे थमा चुकी थी। दढ़ियल उसे एक तरफ छोड़ घूमते हुए माला बेच रहा था। कपिल को लगा कि यह काम तो बड़ा आकर्षक है। इसमें सामान के साथ-साथ मधुर स्वर और सौन्दर्य के नये-नये उपमानों के लिये काफी स्थान है। रात भर वह इस विषय पर सोचता रहा। अगले दिन बीच पर घूमते हुए वह माला वाले को ढूंढ़ता रहा। दोपहरी ढलने लगी थी कि उसे वह दिखाई दे ही गया। जहाँ चाह वहाँ राह की उक्ति को दोहराता हुआ कपिल लम्बे डग भरता हुआ उसके पास पहुँच गया।

"माला दिखाओ" वह मुस्कुराते हुए बोला।

दढ़ियल ने भी मुस्कुराते हुए हाथ आगे बढ़ा दिया। एक सुन्दर सी माला उठाते हुए उसने मूल्य पूछा।

"तीन सौ रुपये" दढ़ियल ने कहा।

"दो सौ में दे सकते हो तो दे दो" कपिल ने कहा।

"नहीं" कहते हुए वह आगे बढ़ने लगा।

"रुको, लो, तीन सौ रुपये और माला दो।"

दढ़ियल ने प्रसन्नता से रुपये थामते हुए माला उसे पकड़ा दी।

"बहुत ही सुन्दर है।" कहते हुए कपिल बात को आगे बढ़ाने की गर्ज से मुस्कुराया।

"वो तो है"

"कहाँ से खरीदते हो"

"सुपर मार्किट से" कहते हुए दढ़ियल आगे बढ़ने को हुआ तो कपिल ने उसे रोकते हुए कुछ और भी बातें की।

अगले दिन ही सुपर मार्किट से कुछ मालाएं खरीदकर वह भी बीच पर घूमने लगा। उसकी मुस्कुराती आँखें, मीठी वाणी और जादुई शब्दों का प्रभाव कि कुछ महिलाओं ने तुरन्त मुँह मांगे दाम पर मालाएं ले ली। जेब गर्म होते ही वह कुछ फल खरीदकर खाने लगा। पास में ही खेल रहे एक बच्चे को मुस्कुराते हुए उसने बड़े लाड़ से एक सेब प्रस्तुत किया। जिसे बालक बिना किसी ना नुकर के लेकर उसके पास बैठ खाने लगा। वह खुश था। आज का दिन कितना अच्छा है उसके लिए, उसका काम भी शुरू हो गया और इस बच्चे के रूप में उसे एक साथी मिल गया। भले ही बीच पर कुछ पल के लिए ही सही। बालक कुछ ही देर में उससे घुल-मिल गया उसने अपना नाम ईवान बताया।

अब कपिल का धन्धा चल निकला और ईवान के साथ दोस्ती भी। वह हर रोज की कमाई प्रातः स्थानीय बैंक में जाकर जमा करवा देता और सप्ताहांत में उसे पिता के खाते में भेज देता।

भले ही उसके पास रात को रुकने का कोई ठिकाना न था परन्तु वह खुश था। खाली समय में वह खेतों की ओर निकल जाता। जहाँ किसान उसे कभी-कभार कुछ काम दे देते और बदले में उसे वोदका के साथ खाना भी खिला देते। ऐसे ही एक किसान पॉल विच से उसकी घनिष्ठता बढ़ने लगी। एक दिन पॉल विच ने कहा कि कपिल मेरे पास दो कमरे हैं। यदि कभी आवश्यकता हो तो तुम रुकने आ सकते हो।

"मैं तो आज ही आ जाता हूँ।" कपिल ने कहा। अन्धा क्या चाहे दो आँखें, मन की इच्छा पूरी हो रही थी। अब उसने पॉल विच के कमरे में रात का ठिकाना जमा लिया। दिन भर समुद्र किनारे सैलानियों को मालाएं व पत्थर बेचने और प्रातः सांय पॉल विच के खेतों में काम करते उसे लगता जैसे वह अपने गाँव के खेतों में, अपने गाँव की मिट्टी से मिल रहा है। अपने गाँव से हजारों किलोमीटर दूर कई समन्दर पार इस शीत प्रदेश में जीवन बहुत कठिन तो था परन्तु कठोर नहीं लग रहा था। पॉल विच जो आयु के लगभग पचहत्तर वर्ष पार कर चुका था, एक संरक्षक के रूप में उसके सिर पर था। वह अपनी जवानी में एक पहलवान था, फिर प्रदेश सरकार में मन्त्री बना और अब किसान बनकर अपना वार्धक्य बिता रहा था। खेत में काम करने के बाद नित्य वोदका का सेवन करते हुए पत्नी के हाथ का स्वादिष्ट खाना उसके साथ-साथ कपिल को भी मिलने लगा था। पॉल विच की पत्नी एक सुघड़ गृहिणी के साथ एक वात्सल्यमयी स्त्री थी।

परन्तु जिन्दगी इतनी भी सरल कहाँ होती है जितनी आजकल कपिल को लग रही थी। हुआ यूँ कि पॉल विच की एक रिश्तेदार अपने दो बच्चों के साथ उसके पड़ोस में रहने आ गयी। वह स्वभाव से ही एक झगड़ालू और कर्कश स्वर वाली स्त्री थी। पॉल विच और कपिल की मित्रता उसे चुभती थी। कपिल उसे कतई घास नहीं डालता था। वह प्रयास भी करती तो कन्नी काट जाता।

ऐसी ही एक प्रातः जब कपिल पॉल विच के खेत में कार्य में जुटा था, तब वह आई और उस पर डोरे डालने का प्रयास करने लगी-

"प्यारे कपिल, तुम कितना काम करते हो।"

"प्रिय ओल्गा, क्या करूँ, मैं यहाँ काम ही तो करने आया हूँ।"

"क्या हम मित्र बन सकते हैं प्रिय कपिल।"

"ऐसा कैसे सम्भव है झगड़ालू ओल्गा।"

कपिल मुस्कुराया।

"मैं तुमसे तो नहीं ही झगडूंगी प्रिय कपिल"

"लेकिन मैं तो तुम जैसी कर्कशा से बात करना भी पसन्द नहीं करता। मुझे तो कोई मधुर स्वर वाली सुकुमारी ही आकर्षित कर सकती है झगड़ालू ओल्गा। अब तुम जाओ, नहीं तो तुम्हारी यह बेशर्मी मैं पॉल विच को बता दूँगा।"


*कुछ दिन ही बीते थे कि अवसर पाकर फिर ओल्गा कपिल का हाथ थाम प्रणय निवेदन करने लगी। कपिल ने हाथ छुड़ाने का प्रयास किया तो वह उसका गाल चूमने को बढ़ी। उसके इस प्रयास को कपिल ने उसे धक्का देकर गिराते हुए विफल कर दिया। कर्कश ओल्गा इस अपमान से और भी खूंखार हो उठी।*


कपिल के मुँह से अपने लिए ऐसी उपेक्षापूर्ण बातें सुनकर वह पैर पटकती हुई चली गयी। कपिल ने तो पॉल विच को कुछ नहीं बताया पर जैसा कि उसे अन्देशा था कि ओल्गा ने पॉल विच को अपने हिसाब से कपिल के दुर्व्यवहार की शिकायत की। पॉल विच ने दुनिया देखी थी और कपिल के सद्व्यवहार को वह जानता था। ओल्गा के चरित्र की भी भनक उसे थी। अतः उसने कपिल से इस विषय में कुछ विशेष नहीं कहा।

कुछ दिन ही बीते थे कि अवसर पाकर फिर ओल्गा कपिल का हाथ थाम प्रणय निवेदन करने लगी। कपिल ने हाथ छुड़ाने का प्रयास किया तो वह उसका गाल चूमने को बढ़ी। उसके इस प्रयास को कपिल ने उसे धक्का देकर गिराते हुए विफल कर दिया। कर्कश ओल्गा इस अपमान से और भी खूंखार हो उठी। उसने अपने पति, जो दूसरे शहर का माफिया डॉन था को, कपिल पर दुराचार के प्रयास का आरोप लगाते हुए रो-रोकर शिकायत की। उसके पति जिसके लिए मारपीट, हत्या जैसे जुर्म सामान्य बात थी, ने कुपित होकर कपिल की सुपारी स्थानीय माफिया डॉन दुश्चेव को दे दी।

दुश्चेव ने उसी दिन अपने एक गुण्डे को कपिल को शाम तक अपने पास उपस्थित करने का आदेश दिया। उस गुण्डे ने माला बेचते हुए कपिल को धर पकड़ा और शाम को अपने बॉस दुश्चेव के सामने उसके अड्डे पर उपस्थित होने का हुक्म चेतावनी भरे भयभीत कर देने वाले लहजे में दिया। कपिल भले ही कई महीने यहाँ रहते हुए पॉल विच की छत्रछाया में स्वयं को सुरक्षित अनुभव करने लगा था। वह हर शाम बीच पर व्यवसाय करने के लिए एक निश्चित राशि स्थानीय माफिया के कारिन्दे को भी देता था। परन्तु मारपीट, हत्या आदि से वह अभिज्ञ था। अतः सांय को जब वह बताये गये ठिकाने पर पहुँचा तो उसने ईवान को भी वहीं खेलते हुए पाया। उसे देखते ही ईवान चिल्ला पड़ा-

"भइया कपिल! भइया कपिल" और दौड़कर उससे लिपट गया। फिर उसका हाथ खींचते हुए अपने पापा के पास ले गया-

"पापा देखा कपिल भइया जिनके बारे में मैं आपको बताता हूँ। आज ये मुझसे मिलने आये हैं। मैं इनके लिए भी माँ से खाना बनवाता हूँ। आज ये यहीं खाना खायेंगे"

"हाँ, हाँ जाओ ईवान अपनी माँ से कपिल के लिए भी खाना बनाने के लिए कहो। उन्हें बताओ तुम्हारे कपिल भइया आये हैं।"

ईवान के अन्दर जाते ही दुश्चेव ने कपिल को सम्बोधित करते हुए कहा-

"तो तुम पॉल विच के यहाँ रहते हो?"

"जी" कपिल ने थूक सटकते हुए कहा।

"मैं कल उनसे मिलूँगा और उन्हीं से बात करूँगा। अब तुम जा सकते हो, ईवान को मैं समझा दूँगा।"

दुश्चेव की ठहरी हुई कड़क आवाज और भावहीन चेहरे ने तो कपिल के शरीर में सिहरन दौड़ा दी। परन्तु ईवान उसके लिए देवदूत बनकर आया था। जान बची और लाखों पाये। दुश्चेव के कहते ही वह तेज कदमों से खिसक लिया। इस विदेशी धरती पर उसका कौन था जो उसके लिए कुछ करता। वह लगभग दौड़ते हुए अपने ठिकाने पर पहुँचा। अगले चौबीस घण्टे उसके लिए बहुत ही चिन्ताजनक थे, जब तक कि दुश्चेव पॉल विच से मिलकर सारा मामला क्या था, न बता ले।

अगली शाम जब खेत पर दो घण्टे कठोर श्रम के उपरान्त कपिल वापस आया तो दुश्चेव पॉलविच से मिलकर जा चुका था। पॉल विच ने मुस्कराते हुए कपिल का स्वागत किया और वोदका का गिलास पेश करते हुए कहने लगा-

"दुश्चेव आया था। उसे ओल्गा के पति ने तुम्हारी सुपारी दी थी। पर तुम किस्मत के धनी निकले कि ईवान तुम्हें बड़ा भाई मानता है और यही बात तुम्हारे पक्ष में गयी। खैर, ओल्गा को उसके पति ने वापस बुला लिया है। तुम मेरे कमरे में यथावत रह सकते हो।" कपिल कुर्सी पर जड़ हुआ बैठा था। आज वोदका भी उसकी ठिठुरन को दूर न कर सकी। वह समझ नहीं पा रहा था कि यह कंपकंपी डर की है या ठण्ड की। अपनी सुपारी और दो माफिया से उसकी दुश्मनी का यह प्रसंग उसे भीतर तक सिहरा गया। लेकिन दूसरी ओर ईश्वर में उसकी आस्था और प्रगाढ़ हो गयी। एक नन्हें बालक को प्रेम से खिलाये कुछ फल, उसके साथ बिताये कुछ पल उसे जीवनदान दे गये थे।

---

**पुष्पलता आर्य**



## वर्जना में सर्जना

वर्जना में सर्जना की लीक पकड़े चल रहे हैं
नींद की अवमानना कर स्वप्न सच्चे पल रहे हैं

चीर कर पत्थर युगों के बह रहे उन्मुक्त धारे
कब समय के निर्झरों को बाँध पाए हैं किनारे
बाँध कितने बंधनों के हाथ अपने मल रहे हैं
वर्जना में सर्जना....

कंटकों के दंश कुसुमों ने सहे हैं मुस्करा कर
रात काटी है सितारों ने अंधेरी जगमगा कर
विषधरों के पाश में लिपटे हुए संदल रहे हैं
वर्जना में सर्जना की ..

रुख हवाओं का बदलने की मिली जिनको कुशलता
किंकिरी बनकर उन्हीं के चल पड़ी पीछे सफलता
धार के विपरीत जो बहते रहे अव्वल रहे हैं
वर्जना में सर्जना की ..

श्वास सूली पर चढ़े थे और छलना मुस्कराई
लाख सच ने कष्ट झेले कौनसी पीड़ा न पाई
जो खिले दलदल के तल पर वे कमल का दल रहे हैं
वर्जना में सर्जना की...

मेघ बरसें या न बरसें चातकों ने हठ न त्यागा
प्यास थी पर भूमि से दो बूंद पानी भी न माँगा
या हुई पूरी प्रतिज्ञा अन्यथा निर्जल रहे हैं
वर्जना में सर्जना की ....

---

**कृष्ण लाल 'गिरधर**



## मिशन सिंदूर

जग जाहिर है जंग हमारी देखो हमारे जांबाज।
पैर पकड़ ले पाकिस्तान, खैर नहीं है तेरी आज ।

पुलवामा ,पहलगाम में पाप किया है पाकिस्तान।
चुन चुन कर अब बदले लेता, देखो हमारा हिंदुस्तान।

भिखमंगा भिखारी मांग रहा दूजो से हथियार।
जितने भी दावे तूने, सबके सब कर दिये बेकार।

पूरा विश्व अब देख रहा ,तेरे बंकर अड्डों को।
अब आतंकी ढेर हो रहे, देखो उनके खड्डों को।

शांत प्रिया सेना हमारी,कभी ना युद्ध चाहती है।
तेरे जैसे बेशर्म देश को, सबक जरूर सिखाती है।

अब ना चूकेंगे अब ना रुकेंगे, पूरा हिसाब चुकाएंगे।
मेरे भारत वीर सेनानी आगे बढ़ते जाएंगे।

जिन बहनों का सिंदूर मिटा है, उनको न्याय दिलाएंगे।
चला 'मिशन सिंदूर' है अब जड़ से ही मिटाएंगे।
जय हिन्द, जय हिन्द की सेना।

---

**साहित्यकार कृष्ण कुमार निर्माण का मानना है कि आधुनिक युग में भी निश्चित रूप से साहित्य की स्थिति सर्वोच्च बनी है, मगर सोशल मीडिया के दौर को थोड़ा चुनौती भी कहा जा सकता है। ऐसा भी नहीं है कि साहित्य के पाठकों में कमी आई है, बल्कि मुद्रित पुस्तकों के मुकाबले ऑनलाइन पाठ पठन कुछ ज्यादा हो गया है। असल में साहित्य वही है जो कालजयी हो और आम जनमानस की पीड़ा को प्रभावी तरीके से व्यक्त करता हो।**

साक्षात्कार **ओ.पी. पाल**

# सामाजिक उत्थान का माध्यम है साहित्य सृजन: कृष्ण कुमार

साहित्य जगत में लेखन केवल साहित्य संवर्धन ही नहीं है, बल्कि सामाजिक उत्थान में भी साहित्य की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ऐसा साहित्य सृजन करते आ रहे मूर्धन्य विद्वानों का भी मत है कि साहित्य के बिना समाज की कल्पना असंभव है। समाज को नई दिशा देने के मकसद से ही साहित्यकार अपनी विभिन्न विधाओं में लेखन करने में जुटे हैं।

ऐसे ही लेखकों में साहित्यकार कृष्ण कुमार निर्माण भी सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों को उजागर करके आलेख, कविताओं और सामयिक विषयों पर अपने रचना संसार को दिशा देने में जुटे हुए हैं। साहित्यकार एवं लेखक कृष्ण कुमार निर्माण का जन्म 15 जून 1975 को हरियाणा के सोनीपत जिले में गोहाना तहसील के गांव बरोदा में भूप सिंह निनानिया और रतनी देहड़ान के घर में हुआ। उनके परिवार में कोई साहित्यिक माहौल तो नहीं रहा, लेकिन पिता अक्सर उन्हें सांग दिखाने ले जाया करते थे, शायद इसी से प्रभावित होकर उनमें भी साहित्यिक व संस्कृति के प्रति रुझान बढ़ने लगा। स्कूल में शिक्षकों ने भी उनकी प्रतिभा को निखारने में सहयोग दिया। वह स्कूल में भाषण प्रतियोगिता, काव्य पाठ और अभिनय करते थे और इन सभी विधाओं में उसने पहला स्थान हासिल किया। उन्हें राज्य स्तर पर श्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ कमंटेटर का खिताब भी हासिल हुआ है। बकौल कृष्ण कुमार, बचपन से ही सांग देखकर और अपने ताऊ जी को सुन-सुनकर साहित्य सृजन के लिए उनके लेखन की शुरुआत हुई। सबसे पहले तो हरियाणवी में रागनी लिखना शुरू किया। जब वह आठवीं कक्षा में थे तो उन्होंने अपनी पहली रचना लिखी, जिसे कई आध्यात्मिक कार्यक्रमों में भी गाया और उन्होंने उसे स्वयं भी सुना। इसी बीच निरंकारी मिशन द्वारा एक गीत संग्रह 'हर का भजन करया कर' प्रकाशित हुआ, जो कि पहली बार सार्वजनिक भी हुआ और फिर अखबारों में प्रकाशित हुआ। अखबारों में उनकी रचनाएं छपने के क्रम से उनका आत्मविश्वास बढ़ना स्वाभाविक भी था। जिसमें हिसार में उन्हें राज्य कवि उदयभानु हंस के साथ भी मंच पर कविता पढ़ने का अवसर मिला और यहीं से हिंदी में भी साहित्य लिखने का क्रम आगे बढ़ा। उन्होंने बताया कि उनके लेखन के क्रम ने गति पकड़ी और विभिन्न कवि सम्मेलनों में काव्य पाठ भी करते रहे। वहीं उनके कई साझा संग्रह भी आए, लेकिन एक मित्र ने कहा कि आप इतने दिनों से लिख रहे हो, अपना खुद का संग्रह लिखकर भी छपवाओ। इसके बाद उन्होंने हरियाणवी लघु कविताओं का संग्रह लिखा। जहां तक साहित्यिक सफर में परेशानियों का सवाल है उसके लेखन में कई बार आई, लेकिन ऐसी समस्याएं जल्द हल हो गई। एक ऐसा दिलचस्प किस्सा भी उस समय सामने आया, जब रेवाड़ी में वह अपना कविता पाठ करके मंच से नीचे उतर रहे थे तो युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी ने उनकी लिखी रचना को लिखित में मुझे मांगा, जिससे उनका उत्साह बढ़ना भी स्वाभाविक था। आज वह कविता, ग़ज़ल, लघुकथा, व्यंग्य, समसामयिक विषयों पर लेख लिख रहे हैं और कुंडली, लघुकविता, लघुकथा भी उनके साहित्यक साधना की विधाओं में शुमार हैं। उनके उनके साहित्य लेखन का फोकस जनपक्ष की व्यथा, जातिगत भेदभाव, किसानों की दुर्दशा और नारी अधिकार जैसे सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों पर ज्यादा रहा है।

उनके आलेख, कविताएं और रचनाएं देश की विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में भी अनवरत प्रकाशित होती रही हैं। वहीं हिसार दूरदर्शन से उनके काव्य की अनेक बार प्रस्तुतियां प्रसारित हो चुकी हैं। साहित्य और संस्कृति से दूर होती युवा पीढ़ी को लेकर इनका मानना है कि लेखकों द्वारा साहित्य तो ज्यादा लिखा जा रहा है, लेकिन उसमें गिरावट नजर आने लगी है और यह बहुत ही तकलीफदेह है कि आज साहित्य भी दो खांचों में बांटा जा रहा है।

इसके लिए खासतौर से युवाओं को साहित्य से जोड़ने के लिए स्कूल और कॉलेजों स्तर पर सहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यशालाओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। युवाओं को साहित्य के प्रति प्रेरित करने के लिए उनके स्तर और बदलते युग के साहित्य लेखन की जरूरत है।

### प्रकाशित पुस्तकें

साहित्यकार कृष्ण कुमार की प्रकाशित पुस्तकों में हरियाणवी लघुकविता संग्रह 'बखत बखत के बोल', हिंदी आलेख संग्रह 'प्रसंगवश', काव्य संग्रह 'कविता के बहाने व शब्द बोलते हैं', हरियाणवी लघुकविता संग्रह 'घणा बदलग्गा यार जमाना', व्यंग्य संग्रह 'हल्के-फुल्के व्यंग्य', हरियाणवी कुंडली संग्रह 'मन के जालै', आलेख संग्रह 'संयोगवश' शामिल हैं। उनके साझा संग्रह में हरयाणवी गीत संग्रह 'हर का भजन करया कर', 'कविप्रिया', लघुकविता संग्रह 'हरियाणवी जिंदाबाद' आदि प्रमुख हैं।



कृष्ण कुमार निर्माण

### पुरस्कार व सम्मान

हिंदी और हरियाणवी साहित्य में कविता, गजल, लघुकथा, व्यंग्य जैसी विधाओं में योगदान के लिए साहित्यकार कृष्ण कुमार निर्माण को अनेक पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। उन्हें 'हिंदी श्री' सम्मान, श्रेष्ठ साहित्यकार सम्मान, हरियाणवी साहित्य गौरव अवार्ड, श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान, साहित्य सभा कैथल व नेपाल की संस्था द्वारा पुरस्कारों से नवाजा गया है। वहीं कवि सम्मेलनों के मंचों पर भी उन्हें अनेक पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम** : कृष्ण कुमार निर्माण
**जन्मतिथि** : 15 जून 1975
**जन्म स्थान** : गांव व पोस्ट बरोदा, गोहाना, जिला सोनीपत,(हरियाणा)
**शिक्षा** : एमए (हिंदी), बीएड,एलएलबी, पत्रकारिता में डिप्लोमा
**संप्रति** : स्वतंत्र लेखन, कवि एवं शिक्षा विभाग हरियाणा में अधिकारी

---

# क्रूर समय का दर्द बताता 'हस्ताक्षर तुम्हारे हैं'






**कविता-संग्रह : हस्ताक्षर तुम्हारे हैं**
**लेखक : डॉ. कमलेश मलिक**
**मूल्य : 225 रुपये**
**प्रकाशक : न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन**

पुस्तक समीक्षा **ब्रह्म दत्त शर्मा**

वरिष्ठ लेखिका और पूर्व कॉलेज प्रिंसीपल कमलेश मलिक मूलतः कथाकार हैं लेकिन कवि के रूप में भी वे कम विख्यात नहीं हैं। यह कविता-संग्रह इसका जीता जागता प्रमाण है। पुस्तक में संकलित कविताओं में वर्तमान समय के लगभग सभी जरूरी मुद्दों या समस्याओं को बड़े पुरजोर तरीके से उठाया गया है। आमतौर पर कविता या कहानी की किसी एक ही किताब में इतने ज्यादा विविध विषय कम ही देखने को मिलते हैं। दूसरा, इन कविताओं की भाषा सहज व सरल है और कवयित्री ने कहीं पर भी अपनी बौद्धिकता का प्रदर्शन करने का अनावश्यक प्रयत्न नहीं किया है। तीसरा ये सभी कविताएं आम आदमी के जीवन से भी जुड़ी हुई हैं। इस संग्रह के शुरुआत में कई बेहतरीन ग़ज़लें हैं। एक बानगी के तौर पर देखिए---

*लोग रहते हैं जहां बस सिर्फ रहने के लिए*
*बेशक मकां कह दो उसे घर तो हो नहीं सकता।*
*कहां तक जाएगी नफरत जगेगी एक दिन उल्फत*
*आखिर इंसां इंसां है पत्थर तो हो नहीं सकता।*

ग़ज़ल के बाद उनकी कविताओं की बात करें तो वहां अलग-अलग कविताओं में अलग-अलग विषयों पर कलम चलाई गई है। "सखी के नाम" कविता में बिछड़ी सहेली को याद करती हैं-

*मैत्री के रंग भला फीके कहां पड़े हैं*
*मैं देखती रही तुम्हें रंगीन तितलियों में।*

बहुत सी कविताएं समसामयिक मुद्दों को लेकर भी हैं। उन्होंने किसान आंदोलन, महिला खिलाड़ियों का आंदोलन, महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ आंदोलन इत्यादि मुद्दों को भी खूब उठाया है।

वे इसी पर कहती हैं, एक महिला खिलाड़ी देश का झंडा फहराती है खेल के मैदान में फिर वही आंसू बहाती है न्याय के विधान में। संग्रह की शीर्षक कविता में उन्होंने मठाधीशों की क्या खूब खबर ली है: हम कोल्हू के बैलों से बंधी आंखें चले मीलों मगर हमको मिला भूसा, कि गुड शक्कर तुम्हारे हैं। जीवन की नश्वरता भी उनकी लेखनी से छूटी नहीं है, कुछ मीठे खट्टे फलों का एहसास भर है यह जिंदगी तो चार दिन मधुमास भर है, इस मंच का परदा गिराने तलक ही तो कठपुतलियों के नाच का आभास भर है। अंत में इतना कहा जा सकता है कि कमलेश मलिक की कविताएं इस क्रूर समय को कागज पर उतारने में और पाठकों को सोचने पर विवश करने में सफल रही हैं। लेखिका कमलेश मलिक को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

## खबर संक्षेप



### रेजांगला पार्क में रक्तदान कैंप का आयोजन

**रेवाड़ी।** रविवार को आशीष वीर पब्लिक चैरिटेबल सोसायटी की ओर रेजांगला पार्क में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 95 लोगों ने रक्तदान किया। सोसायटी के संस्थापक कैप्टन वीर सिंह यादव ने कहा कि रक्तदान करना पुण्य का कार्य है। रक्तदान से किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। इस मौके पर अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

### किशनगढ़ में कई नलकूपों से केबल चोरी

**रेवाड़ी।** किशनगढ़ गांव में चोरों ने रात को जमकर उत्पात मचाते हुए 11 किसानों के नलकूपों से बिजली की केबल चोरी कर ली। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस शिकायत में किशनगढ़ निवासी रामकंवार ने बताया कि सुबह के समय वह अपने ट्यूबवेल पर गया तो उसकी बिजली की केबल कटी हुई मिली। पूछताछ करने पर उसके पड़ोस के ट्यूबवेल मालिकों ने भी केबल चोरी की बात कही। जिन किसानों की केबल चोरी की गई है।

### एकजुटता का संदेश देती है तिरंगा यात्रा

**रेवाड़ी।** रविवार को गांव रसगण में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और सैनिकों के सम्मान में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में युवा, महिलाओं और बच्चों ने भाग लेकर सैन्य बलों के शौर्य की सराहना की। यात्रा शिव मंदिर के पास सती माता चौक से आरंभ होकर मंदिर पर समाप्त हुई। यात्रा का नेतृत्व कर रहे शिक्षाविद मास्टर सुरेंद्र सिंह डूंगरवासिया ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि आत्मरक्षा और राष्ट्र सम्मान की पुनः स्थापना का संकल्प है। ऑपरेशन सिंदूर वीर जवानों के पराक्रम का प्रतीक है।

### अंधड़ से बिजली बाधित टूटे बिजली पोल

**कोसली।** कोसली क्षेत्र में शनिवार रात आई आंधी व बारिश से जगह-जगह पेड़ व बिजली के पोल टूट कर गिर गए।



कोसली रोड, भाकली गांव, साल्हावास रोड से धनिया रोड तथा नाहड़ रोड पर कई बिजली के पोल तेज आंधी से धराशाही हो गए। बिजली निगम के एसडीओ सुमित चौधरी ने बताया कि क्षेत्र में करीब 80 पोल तथा 6 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए हैं। कई स्थानों पर पेड़ बिजली के तारों पर गिरने से तार भी व्यवस्था बिगड़ गई हैं, जिससे कोसली तथा आसपास के गांवों के फीडरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बिजलीकर्मी रविवार सुबह से ही बिजली आपूर्ति बहाल करने के प्रयास में लगे हैं। कोसली में बिजली आपूर्ति सुबह 10 बजे बहाल हो गई थी।

### किरायेदार रखने से पहले पुलिस वेरिफिकेशन जरूरी

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस कप्तान हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि आपका किराएदार या घरेलू नौकर अपराधिक प्रवृत्ति का भी हो सकता है, या फिर किसी बड़ी वारदात का वाछिंत आरोपी भी हो सकता है, इसलिए पूरी सतर्कता बरतते हुए उनका पुलिस वेरीफिकेशन अवश्य कराएं। एसपी ने कहा कि अपराधिक किस्म के लोगों पर और अधिक कारगर ढंग से अंकुश लगाने के लिए किरायेदारों व घरेलू नौकरों की पुलिस वेरिफिकेशन कराना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि कई बार कुछ अपराधिक प्रवृत्ति के लोग अपराध को अंजाम देने के लिए मकान किराए पर लेते है और चोरी, डकैती, लूट व हत्या जैसी अपराधिक घटनाओं का षड्यंत्र रचकर वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो जाते हैं। अब मकान या दुकान मालिकों को किरायेदार या नौकर रखने से पहले पुलिस वेरिफिकेशन जरूरी है।

---

#### प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विशेषज्ञ डा. भंवर सिंह और डा. धर्मवीर ने दी जानकारी

# इंटरनेशनल नैचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन लगाएगी जिला व खंड स्तर पर निःशुल्क योग शिविर

अबकी बार आयोजित होने वाले अंतराष्ट्रीय योग दिवस का थीम 'एक प्रकृति एक स्वास्थ्य के लिए योग' रहेगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। योग ध्यान की मुद्रा में युवती। व जानकारी देते हुए डा. भंवर सिंह व डा. धर्मवीर। फोटो : हरिभूमि

आयुष मंत्रालय भारत सरकार, केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद दिल्ली व मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 21 जून को 11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। वर्तमान की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन की ओर से हरियाणा के प्रत्येक जिले और खंड स्तर पर निःशुल्क योग शिविर लगाए जाएंगे। कार्यक्रम संयोजक और सह संयोजक अनुभवी प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विशेषज्ञ डा. भंवर सिंह कसाना और योगाचार्य डा. धर्मवीर ने बताया कि 2015 से प्रत्येक वर्ष 21 जून को आईएनओ की ओर से पूरे हरियाणा में निःशुल्क योग और प्राकृतिक चिकित्सा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। आईएनओ के राष्ट्रीय संयोजक अनंत बिरादर ने बताया कि आयुष विभाग व केंद्रीय प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग अनुसंधान के सहयोग से पूरे भारत में योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। आयुष जिला योग विशेषज्ञ डा. सुधा यादव ने बताया कि अबकी बार आयोजित होने वाले अंतराष्ट्रीय योग दिवस का थीम 'एक प्रकृति एक स्वास्थ्य के लिए योग' रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2025 की थीम 'योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' घोषित किया है। उन्होंने संपूर्ण विश्व के लोगों को योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाने की अपील भी की है। योगाचार्य डा. धर्मवीर ने बताया कि पहली बार योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया था, जिसका थीम समन्वय और शांति के लिए योग था। इसके बाद प्रत्येक वर्ष 21 जून को योग दिवस अलग-अलग वैश्विक थीम के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योग किसी समय गुफाओं, कंदराओं व जंगलों तक सीमित था। उसके बाद योग राजा महाराजाओं, राज घरानों और महलों तक सीमित रहा, लेकिन आज योग प्रत्येक शहर, गांव, गली मोहल्ले सहित विदेशों तक पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि आज योग चिकित्सा, स्वास्थ्य, खेल व शिक्षा सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में योग पहुंच चुका है। स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों एवं अनेक संस्थानों में आज योग की पढ़ाई हो रही है। उन्होंने कहा कि आज विश्व में बढ़ रही अशांति, तनाव व प्रतिस्पर्धा में योग से ही सामंजस्य व शांति स्थापित हो सकती है।



रेवाड़ी। इंटर्नशिप में शामिल अतिथि व मीरपुर विवि के योग विद्यार्थी।

### योग से आत्मविश्वास व नई शक्ति का होता संचार

**रेवाड़ी।** आयुष्य मंदिरम् संस्था की ओर से रविवार को मॉडल टाउन में संचालित योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय परिसर में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के एमए योग विद्यार्थियों की 40 दिवसीय इंटर्नशिप का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था के बाल योगी शुभम शर्मा ने शंखनाद से की। कार्यक्रम में आईजीयू के सहायक प्रोफेसर डा. प्रवीन कुमार, आचार्य डा. जयप्रकाशानंद, कपिल गौड़ एवं योगाचार्य सुषमा ने संयुक्त रूप से भाग लिया। विश्वविद्यालय की छात्रा ने वैदिक मंत्र 'असतो मां सद्गमय, तमसो मां ज्योतिर्गमय' का उच्चारण करके योग गणपति वंदना पेश की। विद्यार्थियों का हल्दी-कुमकुम तिलक व पुष्प पंखुड़ियों से पारंपरिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर आईजीयू के सहायक प्रोफेसर डा. प्रवीन कुमार ने कहा कि योग से आत्मविश्वास एवं नई शक्ति का संचार होता है। सभी को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक तथा आध्यात्मिक विकास के लिए नियमित तौर पर योग व प्राणायाम करने चाहिए। योग के प्रचार व प्रसार में आयुष्य मंदिरम् संस्था पिछले कई वर्षो से अपनी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इंटर्नशिप से योग विद्यार्थियों को व्यापक फायदा मिलेगा। आचार्य डा. जयप्रकाशानन्द ने कहा कि आयुष्य मंदिरम् संस्था में योग, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा और आत्मिक विज्ञान को सेवा और साधना के माध्यम से जीवन में उतारा जाता है।

### संगवाड़ी स्कूल की एसएमसी में सोमदत्त प्रधान और ममता बनीं उपप्रधान

**रेवाड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संगवाड़ी में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से स्कूल प्रबंधन कमेटी का गठन किया गया। बैठक में सोमदत्त सैन को प्रधान व ममता को उपप्रधान चुना गया। सरपंच रामसिंह छावड़ी ने एसएमसी अध्यक्ष व कमेटी पदाधिकारियों का स्वागत किया। स्कूल परिसर में सभी पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से चुना गया। कमेटी में सरपंच रामसिंह छावड़ी, प्रिंसिपल हरपाल सिंह, सतीश यादव, नवीता यादव, सतप्रकाश शर्मा, ओमप्रकाश रंगा, नरेश पूर्व पंच व पूर्व प्रधान एसएमसी, संजू टेकावाडिया, ज्योति जांगिड़, बीरबती देवी व सतबीर पूनिया को सदस्य नियुक्त किया गया। गांव के सरपंच रामसिंह छावड़ी ने आशा व्यक्त की कि स्कूल प्रबंधन कमेटी विद्यालय के विकास तथा समस्याओं के समाधान को लेकर पूरी गंभीरता से कार्य करेगी। इस मौके पर हरपाल सिंह प्रिंसिपल, सतीश यादव, नवीता यादव, सविता यादव, लालचंद नंबरदार, महिपाल सेठ आदि मौजूद रहे।

## यादव सभा स्कॉलरशिप के लिए आवेदन आमंत्रित करेगी

■ यादव कल्याण सभा श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर लगाया, 97 लोगों की स्वास्थ्य जांच के बाद दवाइयां दीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी




रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित यादव कल्याण सभा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर व मासिक बैठक का आयोजन किया गया। कैंप में 97 लोगों की स्वास्थ्य जांच करके फ्री दवाईयां प्रदान की गई। डा. विक्रम यादव ने मेडिसन, डा. आत्मप्रकाश यादव ने हड्डीरोग, डा. सुनील यादव ने सर्जरी, डा. गौतम यादव ने नेत्ररोग, डा. अजीत यादव ने बालरोग, डा. मनीष यादव ने ईएनटी व डा. अनिल यादव ने दंतरोग के रोगियों को ओपीडी सेवाएं प्रदान की। लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव ने फिजियोथेरेपी की सेवाएं दी। मेडिकल कैंप के बाद सभा की मासिक बैठक प्रधान रामबीर यादव की अध्यक्षता व मुख्य संरक्षक महंत लाल दास महाराज के सानिध्य में आयोजित की गई। जनरल सेक्रेटरी जसवंत सिंह यादव ने सभा की विभिन्न गतिविधियों व महीने के आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। प्रो.सतीश यादव ने बताया कि सीजीएल कोचिंग के लिए कमेटी का गठन व इससे संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि जल्द ही कोचिंग कक्षाएं शुरू की जाएगी। प्रधान रामबीर ने बताया कि जरूरतमंद प्रतिभाशाली यादव छात्राओं के लिए पांच छात्रवृत्तियां प्रदान करने के लिए कमेटी शीघ्र एप्लीकेशन आमंत्रित करेगी।

बैठक में प्रो आरएस यादव, कमांडेंट आरके यादव, बाबू जगजीत सिंह, डा. यशपाल यादव, मनोज यादव, डा.आर के यादव, पीएस यादव, गजराज सिंह, कृष्णपाल, जगत सिंह, रामौतार यादव, दुलीचंद, सुरेंद्र सिंह, डा. अनिल कुमार, विजय पाल, अमर सिंह, गोकुल राम, लोकेश व इंद्रजीत मौजूद थे।

## देश में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर रही पीएम की मन की बात: श्याम सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी




रेवाड़ी। कुंड में प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम देखते कृषि मंत्री व अन्य

प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने रविवार को कुंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा व सुना। कार्यक्रम के बाद कृषि मंत्री खोल मंडल की ओर से आयोजित परिचय बैठक में शामिल हुए।

मौके पर बावल विधायक डा. कृष्ण कुमार और भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना पोपली भी मौजूद रही। इस मौके पर कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में प्रेरणादायक रूप से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आग्रह, विधार्थियों के लिए परीक्षा की नई सोच और पर्यावरण संरक्षण में जनभागिता की बात की। पीएम ने बारिश की बूंदों को संरक्षित करके जल संरक्षण का भी संदेश दिया हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि पीएम की ओर से की जा रही मन की बात देश में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर रही है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम समाज को बहुत प्रेरणा देता है, जिससे समाज को बहुत बड़ी सीख मिलती है। कुंड पहुंचने पर भाजपा नेता डा.अरविंद यादव, मंडल अध्यक्ष सुभाष यादव, जीतू चेयरमैन व यशु प्रधान ने कृषि मंत्री के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया।



रेवाड़ी। नवगठित एसएमसी के सदस्यों का स्वागत करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### राजकीय स्कूल बूढ़पुर में नई एसएमसी गठित, धनबीर चुने गए प्रधान

**कोसली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बूढ़पुर में विद्यालय प्रबंधन समिति यानि एसमएसी का पुनर्गठन किया गया। प्राचार्या पूनम कुमारी ने की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सौ से अधिक अभिभावकों ने भाग लिया। समिति में बारह सदस्य अभिभावकों में से और चार सदस्यों के रूप में शिक्षाविद, समाजसेवी व पंचायत सदस्य तथा अध्यापक चुने गए। विद्यालय की रिसोर्स पर्सन रेणुबाला ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से विद्यालय प्रबंधन समिति को उनके कार्यों और कर्तव्यों की जानकारी दी। प्राचार्या ने पूर्व एसएमसी प्रधान वेदप्रकाश व सदस्यों को विद्यालय में दिए गए सहयोग की प्रशंसा की और आगे भी विद्यालय संचालन में सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने समिति को वार्षिक परीक्षा परिणाम में विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन और विद्यालय में कराए गए विकास कार्यो की जानकारी भी दी। गांव बूढ़पुर की सरपंच मोनिका यादव व पंचायत सदस्य ऊषा ने भी एसएमसी की पुनर्गठन प्रकिया में भाग लिया। विद्यालय परिवार की ओर से एसएमसी के नवनियुक्त प्रधान धनबीर, उप प्रधान शिवानी तथा सदस्य शिक्षाविद वासुदेव, प्रियंका, मरियम, सुनील कुमार, रामचरण व मनीराम का सम्मान किया गया। प्रवक्ता सुनील कुमार ने पुनर्गठित विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों को बधाई दी।

## भाविप श्रीराम शाखा के कैंप में 60 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच

■ कैंप से लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का मिलता है अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। कैंप में महिला की जांच करते हुए टीम। फोटो : हरिभूमि

भारत विकास परिषद की श्रीराम शाखा की ओर से रविवार को शाखा सदस्यों व उनके परिवारजनों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन डा. दीपक अल्ट्रासाउंड सेंटर में किया गया, जहां सभी के रक्त, यूरिन संबंधी पैथोलॉजी टेस्ट और अल्ट्रासाउंड जांच की गई। कैंप का शुभारंभ प्रांतीय संयोजक मुकेश सैनी व जिला संयोजक प्यारेलाल सहित शाखा के सदस्यों ने भारत माता और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन करके किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सुलभ और सस्ती कीमत पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था, क्योंकि आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति अक्सर लापरवाह हो जाते हैं, जिसके कारण छोटी-छोटी बीमारियां गंभीर रूप ले लेती हैं। कैंप में रक्त परीक्षण, ब्लड शुगर, विटामिन डी, विटामिन बी12, लिपिड प्रोफाइल, लीवर फंक्शन टेस्ट, किडनी फंक्शन टेस्ट, थायरॉइड प्रोफाइल, यूरिन रूटीन व माइक्रोस्कोपी जांच के साथ-साथ लीवर, किडनी, गॉलब्लैडर व पैंक्रियाज की अल्ट्रासाउंड करके जांच की गई। इस शिविर में 60 व्यक्तियों की जांच की गई। संस्था के पूर्व अध्यक्ष सीए जितेश अग्रवाल ने कहा कि ऐसे शिविर समाज के लिए वरदान हैं, क्योंकि इनसे लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का अवसर मिलता है। इस मौके पर डा. दिनेश वर्मा, रमेश सचदेवा, मोहन गोयल, सीए आर के गुप्ता, डा. आर बी यादव, संजीव यादव, डा. तरुणा यादव, डा. प्रशांत यादव, सीए यश अरोड़ा, राहुल जैन, मोहित गोयल, सीए कश्यप गुप्ता, सीए सुमित सतीजा आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक होंगे आवेदन



**रेवाड़ी।** गृह मंत्रालय की ओर से गणतंत्र दिवस-2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों नामतः पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए ऑनलाइन नामांकन करने के लिए 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवार्ड.जीओवी.इन पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। नामांकन करने वाले व्यक्ति को अधिकतम 800 शब्दों का एक व्याख्यात्मक प्रशस्ति-पत्र देना होगा, जिसमें व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र-विषय में विशिष्ट और अन्य उपलब्धियों का उल्लेख होना चाहिए। डीसी ने बताया कि पद्म पुरस्कार, अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। वर्ष 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। यह पुरस्कार कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक कार्य, नागरिक सेवाओं, व्यापार और उद्योग जैसे सभी क्षेत्रों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए उत्कृष्ट-कार्य को मान्यता प्रदान करने के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लैंगिक भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं।

### गवर्नमेंट स्कूल मायण में एसएमसी का गठन, मनोज कुमार बने प्रधान




**कुंड।** शहीद श्योनारायण राजकीय वरिष्ठ विद्यालय मायण में विद्यालय प्रबंधन समिति यानि एसएमसी का गठन किया गया, मनोज कुमार को प्रधान व सुखीराम को उपप्रधान चुना गया। इस मौके पर कार्यवाहक प्राचार्य हवासिंह, प्रवक्ता प्रदीप कुमार, पीटीआई नरेश कुमार, सरपंच भूपेन्द्र सिंह, पंच राहुल, सूरजपाल, सुरेन्द्र शर्मा, समाजसेवी पूर्णमल मुद्गिल, एसएमसी सदस्य रमजान खान, मामराज चौहान, हरीश चन्द्र, हसन, रेखा, साबरी, संदीप, राजेन्द्र शर्मा व एसएमसी इंचार्ज नरेश कुमार मौजूद थे। सभी ने मिटिंग में विद्यालय की शिक्षा व विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। बैठक में सभी स्कूल स्टाफ सदस्य व ग्रामीण मौजूद थे।

### राज स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को मिली स्कॉलरशिप

**रेवाड़ी।** राज इंटरनेशनल स्कूल में सम्मान एवं छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। स्कूल का कक्षा 10वीं और 12वीं दोनों कक्षाओं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के चेयरमैन राजेंद्र सैनी, निदेशक नवीन सैनी, जितेन्द्र सैनी, हेमंत सैनी, जयश्री सैनी, अन्नू सैनी तथा प्रधानाचार्य कुलदीप कुमार ने अतिथियों, अभिभावकों और छात्रों का स्वागत किया। चेयरमैन ने विद्यार्थियों की सफलता और शिक्षकों की मेहनत की सराहना की। कक्षा 10वीं के टॉपर ऋषभ ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया, छात्र को एक लाख रुपये की छात्रवृत्ति, स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### कोसली के लोगों को मिली चंडीगढ़ तक बस सेवा

**कोसली।** कोसली क्षेत्र के लोगों की पुरानी मांग पर विधायक अनिल यादव ने कोसली से चंडीगढ़ तक नई बस सेवा शुरू कराई है। यह बस सेवा रोजाना कोसली से वाया 152डी के रास्ते सीधी चंडीगढ़ पहुंचेगी। चंडीगढ़ के लिए बस सेवा शुरू कराने के लिए कोसली व्यापार मंडल व पंचायत प्रतिनिधियों ने



विधायक अनिल यादव का आभार प्रकट किया है। विधायक ने बताया कि यह बस कोसली बस स्टैंड से सुबह 4:30 बजे रवाना होकर नाहड़, लुखी, कनीना व बुचावास से 152डी के रास्ते राजधानी पहुंचेगी। वापसी में चंडीगढ़ से दोपहर 12:30 बजे इसी मार्ग से कोसली बस स्टैंड पहुंचेगी। कोसली-चंडीगढ़ बस सेवा को 152डी से कनेक्टिविटी करने पर सामाजिक, धार्मिक व व्यापारिक संगठनों, व्यापार मंडल, अनाजमंडी एसोसिएशन, श्रीश्याम सेवा मंडल, लखदातार सेवा मंडल, भाकली गांव के सरपंच श्याम सिंह व कोसली गांव के सरपंच रामकिशन जांगड़ा ने विधायक अनिल यादव का आभार जताया है।

#### सेक्टर-5 में नशा न करने की लोगों को शपथ दिलाई गई

# राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए सरकार और नार्कोटिक्स विभाग दृढ़ संकल्पित: नीरज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। सेक्टर-5 में लोगों को शपथ दिलाते हुए एनसीबी टीम।

हरियाणा स्टेट नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो जिला यूनिट की ओर से रविवार को सरकुलर रोड स्थित सेक्टर-5 में लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। एनसीबी जिला यूनिट की टीम ने लोगों को नशा न करने और न ही किसी को करने देने की शपथ भी दिलाई। यूनिट के इंचार्ज निरीक्षक नीरज कुमार ने कहा कि पूरे हरियाणा में नशा तस्करों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही के साथ-साथ समाज को नशे के प्रति जागरूक किया जा रहा है, क्योंकि नशा एक सामाजिक कुरीति है। उन्होंने कहा कि राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए हरियाणा सरकार और नार्कोटिक्स विभाग दृढ़ संकल्पित है। यूनिट के इंचार्ज ने बुजुर्गो, युवाओं व मजदूरों सहित अन्य व्यक्तियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि नशा सामाजिक, पारिवारिक और व्यक्तिगत जीवन को बर्बाद कर देता है। इसकी लत व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और आर्थिक स्थिति को बुरी तरह प्रभावित करती है।

उन्होंने आमजन को एनसीबी की अनूठी पहल नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन-बेकैट चलेंज से अवगत कराते हुए कहा कि जिस तरह हम अपने घर से गंदा पानी बाहर फेंकते है, उसी तरह सभी को मिलकर नशे को भी अपने समाज से बाहर फेंकना है। उन्होंने कहा कि समाज से नशे को समाप्त करना एक लंबी और सामूहिक प्रक्रिया है, जिसमें सरकार, परिवार, शिक्षण संस्थाएं, मीडिया और आम नागरिकों का सहयोग अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि अगर किसी को कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई दें तो भारत सरकार के टोल फ्री नंबर 1933, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल एनसीबीमानस.जीओवी.इन और हरियाणा एनसीबी के टॉल फ्री नंबर 90508-91508 या इंचार्ज के नंबर 9813136557 पर सूचना दें, ताकि नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा जा सकें।

**खबर संक्षेप**



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में पीओ।

### कोर्ट से घोषित पीओ के खिलाफ केस दर्ज

**रेवाड़ी।** थाना बावल पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए पीओ के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोर्ट में संदीप बनाम रामेहर मामले में रामेहर लगातार अनुपस्थित रह रहा था। कोर्ट ने अंतिम नोटिस जारी करने के बाद गत 30 जनवरी को उसे पीओ घोषित कर दिया गया। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी किए गए थे। पुलिस ने पावटी निवासी रामेहर के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी संपत्ति का ब्योरा एकत्रित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश कर दिया।



रेवाड़ी। छबील पर राहगीरों को मीठा पानी पिलाते संस्था के सदस्य।

### छबील लगाकर मनाई पहली वर्षगांठ

**रेवाड़ी।** सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था रेवती फाउंडेशन की ओर से रविवार को एक वर्ष पूरा होने पर पहली वर्षगांठ राहगीरों को गर्मी के मौसम में मीठा पानी पिलाकर मनाई गई। संस्था की ओर से सिटी पुलिस स्टेशन के पास छबील लगाकर जनसेवा की गई। संस्था से भगवान सिंह व योगेश निखरी ने कहा कि यह पहल संस्था को समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी को अहसास कराती है और यह लोगों के साथ जुड़ने का एक प्रयास है। इस मौके पर विवेक यादव, मयंक, धुव्रदत्त, प्राशी, प्रशांत मेहंदीरत्ता, झम्मन सिंह, कुलदीप, मनोज, सागर, चिक्की, जय, नीरज, हिमांशु रॉय, साहिल व धीरज सहित फाउंडेशन के सभी सदस्य मौजूद थे।

अभ्यर्थी टेकएडमिशंसएचआरवाई.जीओवी.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं

# दो पॉलिटेक्निक कॉलेजों में बारहवीं के आज से और दसवीं के विद्यार्थी मंगलवार से कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

*जिले के लिसाना व धामलावास दो पॉलिटेक्निक कॉलेजों में विद्यार्थी विभिन्न डिप्लोमा कोर्सेज में 360-360 सीटों पर कर सकते है आवेदन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एचबीएसई व सीबीएसई की ओर से दसवीं व बारहवीं का रिजल्ट जारी करने के बाद हरियाणा शिक्षा सोसायटी की ओर से सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेजों में होने वाले एडमिशन के लिए शेड्यूल जारी किया जा चुका है। बारहवीं के आधार पर 26 मई से 20 जून तक आवेदन होंगे, जिसकी 30 जून से 3 जुलाई तक काउंसलिंग में विद्यार्थी च्वाइस भर सकेंगे। अभ्यर्थी टेकएडमिशंसएचआरवाई.जीओवी.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। एडमिशन लेने वाले विद्यार्थियों को फीस भी ऑनलाइन ही भरनी होगी। जिले में दो सरकारी लिसाना व धामलावास है। लिसाना व धामलावास पॉलिटेक्निक कॉलेजों में विभिन्न डिप्लोमा कोर्सेज के लिए 360-360 सीटों पर एडमिशन किए जाएंगे। गवर्नमेंट कॉलेज लिसाना में हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है। पॉलिटेक्निक कॉलेजों में दसवीं के आधार पर एडमिशन के लिए 27 मई से 30 जून तक ऑनलाइन आवदेन किए जा









**रेवाड़ी।** झज्जर रोड स्थित गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज लिसाना व गांव धामलावास स्थित गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज। फोटो :हरिभूमि

लिस्ट जारी होने के बाद 10 जुलाई से 15 जुलाई तक प्रथम काउंसलिंग की जाएगी व 16 जुलाई को सीट अलॉटमेंट रिजल्ट जारी किया जाएगा। सीट अलॉटमेंट वाले विद्यार्थी 17 जुलाई से 21 जुलाई तक फीस जमा करा सकेंगे। दूसरी काउंसलिंग 23 जुलाई से 26 जुलाई तक होगी, जिसका रिजल्ट 28 जुलाई को जारी होगा तथा सीट पाने वाले विद्यार्थी 29 जुलाई से 1 अगस्त तक फीस जमा करा सकेंगे। इसके लेवल पर फिजिकल काउंसलिंग करके भरी जाएगी।

#### गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेजों के कोर्स व सीटें

पॉलिटेक्निक कॉलेजों में 10वीं पास के लिए तीन साल व 12वीं पास के लिए दो साल के कोर्स है। लिसाना कॉलेज में विभिन्न डिप्लोमा कोर्सेज की 360 सीटों पर दाखिले होंगे। लिसाना में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के लिए 60, मेडिकल लैब इंजीनियरिंग 60, कंप्यूटर इंजीनियरिंग 60, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग 60 व इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग के लिए 60 सीटें उपलब्ध है। धामलावास पॉलिटेक्निक कॉलेज में ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में 60, इलेक्ट्रिकल में 60, मैकेनिकल में 60, मेडिकल लैब टेक्नालॉजी में 60, कंप्यूटर इंजीनियरिंग में 60, इलेक्ट्रानिक्स में 30 व इंस्ट्रमेंशन एंड कंट्रोल कोर्सेज में 30 सीटों पर

#### जरूरी दस्तावेज

पॉलीटेक्नक कॉलेजों में एडमिशन के आवेदन के लिए 10वीं कक्षा की मार्कशीट, आधार कार्ड, कैंडिडेट या पेरेंट्स की बैंक पासबुक की प्रति, पीपीपी की प्रति, पीपीपी आईडी में कैटेगरी व इंकम वैरिफाई हो, कैटेगरी सर्टिफिकेट जैसे एसी,बीसी, ईडब्ल्यूएस, इंकम सर्टिफिकेट व पीएच, पीपीपी में विद्यार्थी व माता-पिता का नाम तथा 12वीं बेस पर अप्लाई करने के लिए 10वीं व बारहवीं को सर्टिफिकेट देना होगा। पासपोर्ट साइज फोटो की भी आवश्यकता होगी।

इसके अलावा कॉलेज में टीएफडब्ल्यू यानि टोटल फीस वेयर स्कीम भी है, जिसमें गरीब विद्यार्थियों की फीस माफ का प्रावधान है। अगर विद्यार्थी के परिवार की आय कम है तो इंकम सर्टिफिकेट के आधार पर उसकी पूरी फीस माफ हो जाएगी। जनरल कैंडिडेट के लिए ऑनलाइन एप्लिकेशन फीस 1000 रुपए तथा कैंडिडेट के लिए ऑनलाइन फीस 700 रुपए रखी गई है। वैबसाइट पर मैरिट के आधार पर सीट अलॉटमेंट रिजल्ट जारी किया जाएगा। जिन विद्यार्थियों को सीट अलॉटमेंट होगी, उनको सभी दस्तावेज के साथ कॉलेज में उपस्थित होना होगा। उसके बाद ही कैंडिडेट का एडमिशन कन्फर्म होगा। सीट अलॉट मेंट के बाद कैंडिडेट को सभी ऑरिजनल डॉक्यूमेंट के साथ कॉलेज में फिजिकल उपस्थित होना होगा। ब्वायज के लिए 4350 व गर्ल्स के लिए 2850 रुपये फीस निर्धारित है।

#### जरूरी कागजात तैयार रखें कैंडिडेट



पॉलिटेक्निक कॉलेजों में एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया सोमवार से शुरू होगी। इच्छुक विद्यार्थी साइबर कैफे व संस्थान में आकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थियों को अपने जरूरी कागजात तैयार रखने होंगे। सीटें अलॉलमेंट होने पर सभी दस्तावेज संबंधित कॉलेज में लेकर आना होगा, तभी कैंडिडेट का एडमिशन कंफर्म होगा।

**सुखबीर यादव, प्राचार्य गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज, लिसाना।**

# विकास कार्यों में तेजी से अग्रणी बन रहा हरियाणा प्रदेशः राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी।

प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार विजन-2047 के लक्ष्य को सामने रखते हुए विकास कार्यों को गति प्रदान कर रही है और प्रदेश विकास कार्यों में तेजी से अग्रणी बन रहा है। कृषि मंत्री रविवार को बावल विधानसभा क्षेत्र के गांव टीट में दिनेश यादव के कार्यालय में ग्रामीणों की जनसमस्याएं को सुन रहे थे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना पोपली, विधायक डा. कृष्ण कुमार, हिमांशु पालीवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष जीतू चेयरमैन, उप चेयरमैन पंकज यादव, महामंत्री प्रदीप ठेकेदार नारायणपुर, सरपंच अशोक यादव मामड़यि आसमपुर, सरपंच हेमंत यादव, एडवोकेट अशोक यादव व नंबरदार अशोक यादव मौजूद थे। कृषि मंत्री राणा ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रदेश के सभी वर्ग खुश है। सरकार की ओर से चलाई जा रही नीतियों का फायदा आम आदमी तक सीधा पहुंच रहा है। सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। सरकार जो भी वायदे कर रही है, उनको पूरा किया जा रहा है। इस मौके पर बावल विधायक क्षेत्र की कुछ समस्याओं को रखा। कृषि मंत्री ने उन्हें शीघ्र पूरा कराने का आश्वासन दिया।

# बेटियों के जीवन में सफलता के नए आयाम स्थापित करने में मां की महत्वपूर्ण भूमिकाः जुनेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार को बेटियों के मान-सम्मान का कार्यक्रम 'मेरी बेटी मेरी शान-मेरी बेटी मेरा अभिमान' का आयोजन पंजाबी धर्मशाला में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चिकित्सक एवं समाजसेवी डा. आरबी यादव, बाबा फरीद सेवा ट्रस्ट के संयोजक दिनेश राजपाल, भाजपा जिला सचिव नीरू भारद्वाज व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि वर्तमान में शिक्षा का क्षेत्र हो या खेल जगत, प्रत्येक क्षेत्र में बेटियां सफलता हासिल कर रही है। ओलंपिक खेलों में देश कीबेटियों ने कई कीर्तिमान रचे हैं। हरियाणा के साधारण परिवार की तीन बहनों मीनाक्षी आनंद, केशनी आनंद व उर्वशी आनंद ने न केवल आईएएस पास किया, बल्कि हरियाणा के सर्वोच्च पद मुख्य सचिव तक पहुंच कर देश का गौरव बढ़ाया। प्रधान अरुण गुप्ता, प्रमुख शिक्षाविद डा. बलबीर अग्रवाल व प्रोफेसर सीएल सोनी ने कहा कि आज हम गौरव से वीरांगना अहिल्याबाई होलकर का त्रि-शताब्दी मना रहे हैं, जिन्होंने अपनी वीरता से पूरे देश को नई प्रेरणा दी। महिला संयोजक शशि जुनेजा, महिला प्रधान निशा सीकरी, पूर्व नगर प्रधान सरोज भारद्वाज व शिक्षाविद प्रीति कपूर ने कहा कि बेटियों के जीवन में सफलता के नए आयाम स्थापित करने में मां की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। मां उनके आत्मविश्वास को निरंतर जगाते हुए उनकी उन्नति का पथ-प्रशस्त करती हैं। योग प्रशिक्षक कंचन अदलखा व हेल्थ एंड वेलनेस कोच डा. सपना यादव ने सभी को योग व प्राणायाम का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में हिमांशु पिपलानी, समाजसेवी राजेंद्र गेरा, कपिल कपूर, पूर्वांशी, ओजस्वी, रामरतन यादव, गोपाल सहगल, त्रिभुवन भटनागर व समाजसेवी आदर्श राजपाल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



**रेवाड़ी।** कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान करते आयोजक। फोटो :हरिभूमि



### नंगली गोधा स्कूल में मेधावी विद्यार्थी हुए सम्मानित

**रेवाड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंगली गोधा का 10वीं व 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें परीक्षा परिणाम में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि सरपंच हेमंत यादव थे तथा अध्यक्षता प्राचार्य सुलेखा रानी ने की। सरपंच ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने लगन व मेहनत के दम पर ये उपलब्धि हासिल की है। इस मौके पर समाजसेवी दिनेशपाल सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।

# विद्यार्थियों ने माता-पिता के प्रति आदर, प्रेम और आभार की भावना को किया प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

आरपीएस पब्लिक स्कूल धारूहेड़ा में पालनहार मातृ-पितृ दिवस हर्षोल्लास और भावपूर्ण तरीके में मनाया गया। विद्यार्थियों ने माता-पिता के प्रति आदर, प्रेम और आभार की भावना को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आरपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स की चेयरपर्सन डा. पवित्रा राव उपस्थित थी। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या रमन प्रीत कौर, उप-प्रधानाचार्य परमिंदर परमार, सभी विंग हेड्स व कोऑर्डिनेटर्स सहित सभी शिक्षक मौजूद थे। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने माता-पिता के प्रति प्रेम व कृतज्ञता प्रकट करते हुए मनमोहक गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने माता-पिता के स्नेह, त्याग और समर्पण के भावनात्मक नाटक का मंचन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डा. राव ने कहा कि माता-पिता जीवन की सबसे बड़ी पूंजी और उनका आशीर्वाद बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। प्राचार्या ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में संवेदनशीलता एवं सामाजिक जिम्मेदारी का विकास होता है। कार्यक्रम में सभी अभिभावकों को स्मृति-चिह्न भेंट किए गए।



**रेवाड़ी।** कार्यक्रम में चेयरपर्सन के साथ छात्राएं। फोटो :हरिभूमि



### पीएमश्री विद्यालय बावल में शिक्षाविदों ने वाटर कूलर व कुर्सियां की भेंट

**बावल।** शनिवार को पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बावल में दो शिक्षाविदों ने विद्यालय के विद्यार्थियों के प्रति प्रेम भावना की अनूठी मिसाल पेश की। विद्यालय के इनफॉर्मेशन मैनेजर के पद पर कार्यरत अमृत सिंह ने बच्चों के लिए भीषण गर्मी में ठंडे पानी की व्यवस्था के लिए एक वाटर कूलर लगवाया। वॉटर कूलर से विद्यालय के करीब 500 विद्यार्थियों को तपती गर्मी में अब ठंडा व स्वच्छ जल पीने को मिलेगा। इसके अलावा विद्यालय में हिंदी अध्यापक के पद पर कार्यरत चंद्रपाल ने कंप्यूटर लैब में बच्चों के बैठने के लिए 51 कुर्सियां भेंट की है। दोनों शिक्षाविद इसी विद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260



**रेवाड़ी।** कार्यक्रम में विजेता सदस्याओं को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### भगवान शांतिनाथ के जन्म तप व मोक्ष कल्याणक पर पाठ का आयोजन

**रेवाड़ी।** महिला जैन मिलन पारस समिति की ओर से शहर के प्राचीन जैन नया मंदिर में जैन तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ के जन्म, तप व मोक्ष कल्याणक के अवसर पर कल्याण मंदिर पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति की अध्यक्ष नीलू जैन ने सदस्याओं के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर भगवान को पालने में झुलाया गया और सभी ने भक्ति भाव से नृत्य किया। आयोजित पारसनाथ स्त्रोत की प्रतियोगिता में सुमन जैन प्रथम, नीता जैन द्वितीय व इन्द्रा जैन तृतीय स्थान पर रही। पांच सांत्वना पुरस्कार कुसुम जैन, निर्मल जैन, ज्योति जैन, शालिनी जैन व सुचित्रा जैन को मिले।

**रोक के बावजूद सफाई कार्यक्रम में उड़ाया गया था ड्रोन**

# ड्रोन प्रकरण में एफआईआर की आशंका, सप्ताह बाद टूटी एमएलए की चुप्पी, साजिश बता पल्ला झाड़ा

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

बीते 18 मई को शहर में विधायक के 'मेगा सफाई अभियान' के दौरान प्रतिबंद्ध के बावजूद आसमान में उड़ा ड्रोन अब प्रभावशाली लोगों के गले की फांस बन सकता है। ड्रोन प्रकरण में जल्द एफआईआर दर्ज होने की संभावना जताई जा रही है, जिस कारण विधायक ने भी ड्रोन प्रकरण में एक सप्ताह बाद चुप्पी तोड़ी है। ड्रोन विधायक के कार्यक्रम की आसमान से फोटोग्राफी कराने के लिए उड़ाया था, परंतु अब विधायक ने इसे विरोधियों की साजिश करार देकर पल्ला झाड़ने का प्रयास किया है।

पाक पर एयर स्ट्राइक के बाद प्रदेश सरकार और डीसी की ओर से ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंद्ध लगाया गया था। किसी को भी ड्रोन उड़ाने की अनुमति नहीं थी। इसके बावजूद मेगा सफाई अभियान में सरेआम ड्रोन उड़ाया गया। ड्रोन उड़ाने का मकसद सफाई अभियान में भारी भीड़ दिखाने के लिए आसमान से फोटोग्राफी करना था। प्रतिबंद्ध के बावजूद ड्रोन उड़ते ही यह लोगों में चर्चा का विषय बन गया था। सिटी पुलिस के नोटिस में जब ड्रोन उड़ाने की बात आई, तो पुलिस ड्रोन उतरवाने के लिए पहुंच गई। उस समय अभियान के आयोजकों ने एसडीएम से ड्रोन उड़ाने की अनुमति लेने का दावा किया था, परंतु यह दावा सरासर गलत निकला था। डीसी अभिषेक मीणा ने ही ड्रोन उड़ाने की कोई अनुमति दिए जाने से इनकार किया था। साथ ही डीसी ने इस मामले में शिकायत मिलने पर एक्शन लेने का दावा किया गया था।





**रेवाड़ी।** गत 18 मई को शहर में उड़ाए गए ड्रोन का फाईल फोटो।

#### केशव चौधरी ने दर्ज कराई शिकायत



डीसी के शिकायत नहीं मिलने की बात कहने के बाद पंचनद समिति के जिलाध्यक्ष केशव चौधरी ने डीसी और एसपी दोनों को चार दिन पहले शिकायत दर्ज कराई, जिसमें ड्रोन उड़ाने के लिए कार्यक्रम के संयोजक विधायक लक्ष्मण सिंह यादव को जिम्मेदार ठहराते हुए उन पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। एसपी ने शिकायत मिलने के बाद इस मामले में जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया था, परंतु एफआईआर दर्ज करने के मामले में फिर से लीपापोती होती रही।

#### ड्रोन ऑपरेटर पर ही गिर सकती है गाज



ड्रोन प्रकरण में शुरूआती दौर में पूरी तरह चुप्पी साधे रहे विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने अब इसे विरोधियों की साजिश बताकर पल्ला झाड़ने का प्रयास किया है। शनिवार को उन्होंने कहा कि वह नहीं जानते कि ड्रोन किसने उड़ाया था। हो सकता है कि विरोधियों ने ही उनके खिलाफ साजिश रची हो। सूत्रों के अनुसार शिकायत मिलने के बाद पुलिस किसी भी एफआईआर दर्ज कर सकती है, लेकिन इसमें ड्रोन ऑपरेटर को ही आरोपी बनाया जा सकता है।